नवभारत

देशी बीजों को लेकर जनजागृति

सेंद्रीय खेती पर किसान सम्मेलन

■ **वर्धा, ब्यूरो.** बजाज फाउंडेशन, बजाज समूह की ओर से सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में देशी बीजों को प्रोत्साहन देने, बीजों का चयन व जागरुकता करने कार्यशाला ली गई. समूचे जिले में बीज उपलब्ध करने किसानों को सेंद्रीय खेती करने प्रोत्साहित किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन बजाज फाउंडेशन के विश्वस्त अपूर्व बजाज के हाथों हुआ. प्रमुख अतिथि नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक प्रवीण मुले, संचालक विद्या मानकर, अध्यक्ष हरि मोरी उपस्थित थे. इस कार्यशाला में 100 अधिक किसानों ने हिस्सा लिया. इस दौरान देशी बीज प्रदर्शनी में रखे गए. किसानों को प्राकृतिक खेती पद्धति से बुआई के लिए विविध तरह के फसलों के बारे में जानकारी दी गई. रामकृष्ण बजाज कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ विविध महाविद्यालय के करीब 100 विद्यार्थियों ने भी सम्मेलन में हिस्सा लिया.

Wardha Edition
02-march-2022 Page No. 4
epaper.enavabharat.com